**बिहार सरकार**
**लघु जल संसाधन विभाग,**
**मुख्यालय अनुश्रवण**

संचिका संख्याः–ल0सिं0(मो0) निविदा परिवाद–24/26 - 469 (मो0) /पटना,दिनांकः–21.4.2026

प्रेषक,

**ई0 राजेन्द्र कुमार**
**अधीक्षण अभियंता (मु0),**
**अनुश्रवण,**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

सेवा में,

**मुख्य अभियंता,**
**लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर।**

विषयः–**दिनांक 21.04.2026 को सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही के संबंध में।**

महाशय,

दिनांक 21.04.2026 को सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में आहूत विभागीय निविदा समिति की बैठक में मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर से प्राप्त निविदा की समीक्षा की गई–

| क्र0 सं0 | प्रमंडल का नाम | निविदा आमंत्रण सूचना संख्या | ग्रुप संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बेतिया | 02/2025–26 | 01 | परिवाद |

विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही संलग्न करते हुए अनुरोध है कि निर्णय का अनुपालन कर नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई करते हुए E-Proc-2 पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

विश्वासभाजन

21/4/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

ज्ञापांक– 469 (मो0) /पटना, दिनांक–21.4.2026

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय Website पर अपलोड करने हेतु प्रेषित/सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

21/4/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

D:\ASHUTOSH\ASHUTOSH-2026\APRIL\LETTER-NIVIDA BAITHAK KARWAHI-BETIYA.DOCX

ज्ञापांक– 469 (प्रो0) /पटना, दिनांक– 21.4.2026

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता (यो0+अनु0+भूगर्भ), लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

21/4/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

ज्ञापांक– 469 (प्रो0) /पटना, दिनांक– 21.4.2026

प्रतिलिपि– अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

21/4/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

D:\ASHUTOSH\ASHUTOSH-2026\APRIL\LETTER-NIVIDA BAITHAK KARWAHI-BETIYA.DOCX

**बिहार सरकार**
**लघु जल संसाधन विभाग**

**दिनांक 21.04.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

लघु सिंचाई प्रमण्डल, बेतिया अन्तर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2025–26, ग्रुप संख्या–01, **(टेंडर आई0 डी0–123303) बहेरा वीयर सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य** में मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के स्तर पर गठित तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति के निर्णय पर प्राप्त परिवाद हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही–

**उपस्थिति–**

(i) श्री बी0 कार्तिकेय धनजी, सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
(ii) ई0 सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।
(iii) ई0 सुनील कुमार, मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर।
(iv) श्री निर्भय कुमार, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।
(v) ई0 राजेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता (मु0) अनुश्रवण, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

2. **परिवाद**– मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर अन्तर्गत गठित तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति की कार्यवाही दिनांक 28.02.2026 पर **(i) मे० विश्वनाथ निर्माण प्रा० लि०, ग्राम–चंधरिया, पो०–कोशडीहीरा, थाना–पारसबिगहा, जहानाबाद द्वारा अनुप रंजन, पाण्डेय टोला, नरकटियागंज, पश्चिमी चम्पारण पर परिवाद (ii) मात्रीसवा कंस्ट्रक्शन प्रा० लि०, एस०के० बिहार कॉलोनी, बेउर, पटना** एवं **(iii) अनुप रंजन, पाण्डेय टोला, वार्ड नं०–23, नरकटियागंज, पश्चिमी चंपारण द्वारा मे० विश्वनाथ निर्माण प्रा० लि० पर परिवाद** के द्वारा परिवाद दिया गया है।

3. **अभियंता प्रमुख स्तर पर गठित परिवाद समिति की समीक्षा**– विभागीय पत्रांक–150 (मो0) दिनांक– 05.02.2025 के आलोक में अभियंता प्रमुख स्तर पर गठित परिवाद समिति द्वारा प्राप्त परिवादों की समीक्षा कर अनुषंसा की गई है, समीक्षा एवं मंतव्य निम्नवत् है:–

**1) मे० विश्वनाथ निर्माण प्रा० लि०, ग्राम–चंधरिया, पो०–कोशडीहीरा, थाना–पारसबिगहा, जहानाबाद–**

**(i)** परिवाद की समीक्षा की गई, जिसमे पाया गया कि कार्यालय नगर परिषद, नरकटियांगज, पश्चिम चम्पारण के पत्रांक–383 दिनांक–11.06.26 में Existing Commitment & Ongoing Construction Work के सत्यापन में स्पष्ट किया गया है कि सम्राट अशोक भवन के अद्यतन स्थिति के संबंध में कनीय अभियंता के प्रतिवेदन के अनुसार Existing Commitment & Ongoing Constructions/Structure Work पूर्ण है एवं Finishing Work प्रगति पर है। इससे ऐसा प्रतित होता है कि अभी सम्राट अशोक भवन में Finishing Work शेष है, जिसे संवेदक द्वारा Existing Commitment Ongoing Work में नही दर्शाया गया है। संवेदक का Bid Capacity काफी ज्यादा है। अतएव परिवाद के इस बिन्दु को **मान्य** किया जाता है।

**(ii)** परिवाद की समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि Concrete Mixture Machine 04 अदद एवं Tipper 10 अदद किराये पर देने वाले एवं लेने वाले दोनो का शपथ–पत्र संलग्न है तथा 04 अदद Concrete Mixture Machine का कागजात संलग्न है तथा 10 अदद Tipper का कागजात संलग्न है।

अतएव परिवादी के इस बिन्दु को **अमान्य** किया जाता है।

**(iii)** परिवाद की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, बेतिया के द्वारा Sarthak Lal Bhai Corporation Inc के Invoice No-SCE23-24/00114 दिनांक– 02.01.2024 का सत्यापन कराया गया, जिसमें कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, बेतिया के पत्रांक–203 दिनांक–10.03.2026 के पृष्ठ पर विक्रेता द्वारा अंकित किया गया है कि उक्त Invoice पर सिर्फ एक मिक्सचर मशीन की बिक्री हुई है। जिसका प्राप्त राशि 99,000/– मात्र है। इसके अलावा इस Tax Invoice पर अंकित किसी भी मशीन की जवाबदेही हमारी नही है। जबकी Tax Invoice पर चार Mixture Machine अंकित है। उल्लेखनीय है कि इसके अतिरिक्त अन्य चार अदद Mixture Machine EPROC-2 के वेबसाईट पर अपलोड किया गया है, जो संलग्न है। मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि संवेदक के द्वारा Tax Invoice में छेड़छाड़ किया गया है।

अतएव परिवादी के इस बिन्दु को **मान्य** किया जाता है तथा संवेदक के विरूद्व नियमानुकूल कार्रवाई हेतु मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर को निदेशित किया गया।

**(iv)** मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के मंतव्य से सहमत होते हुए परिवाद को **अमान्य** किया जाता है।

**(v)** परिवाद की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि, Work Programme संलग्न है।

अतएव परिवादी के इस बिन्दु को **मान्य** किया जाता है।

**(2) मात्रीसवा कंस्ट्रक्शन प्रा० लि०, एस०के० बिहार कॉलोनी, बेउर, पटना**

**(i)** परिवाद की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि, इनका Similar Nature of Work विभागीय पत्रांक–746 दिनांक–04.08.2021 एवं जल संसाधन विभाग का पत्रांक–200 दिनांक–14.03.2016 के अनुरूप नही है।

**(ii)** परिवाद की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि, इनके द्वारा No Fact Hidden से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न नही किया गया है, जो NIT की कंडिका 46 के अनुरूप नही है।

**अतएव मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के मंतव्य से सहमत होते हुए उक्त परिवाद के बिन्दुओं को अमान्य किया जाता है।**

**(3) अनुप रंजन, पाण्डेय टोला, वार्ड नं०–23, नरकटियागंज, पश्चिमी चंपारण**

परिवाद की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि, इनके द्वारा बिना शपथ–पत्र के परिवाद दिया गया है तथा कार्य अपूर्ण रहने से संबंधित कोई तथ्य नही दिया गया है। जबकी विभागीय पोर्टल पर दृष्टोपरांत पाया गया कि इनके परिवाद में जिक्र की गयी योजना पूर्ण है।

**अतएव मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के मंतव्य से सहमत होते हुए परिवाद को अमान्य किया जाता है।**

**4. विभागीय निविदा समिति का निर्णय**– अभियंता प्रमुख स्तर पर गठित परिवाद समिति की समीक्षा एवं मंतव्य से सहमत होते हुए निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2025–26, ग्रुप संख्या–01, **(टेंडर आई0 डी0–123303) बहेरा वीयर सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य** हेतु

**(i) मे० विश्वनाथ निर्माण प्रा० लि०, ग्राम–चंधरिया, पो०–कोशडीहीरा, थाना–पारसबिगहा, जहानाबाद** से प्राप्त परिवाद में Existing Commitment & ongoing work से संबंधित परिवाद को मान्य किया गया फलतः **अनुप रंजन, पाण्डेय टोला, नरकटियागंज, पश्चिमी चम्पारण** का तकनीकी निविदा अमान्य होगी।

**(ii) मातृश्वा कन्स0 प्रा0 लि0, बंगाली रोड, मीठापुर, बी0 एरिया फुलवारी, पटना** से प्राप्त परिवाद को अमान्य किया जाता है। फलतः इनकी तकनीकी निविदा अमान्य होगी।

**(iii) अनुप रंजन, पाण्डेय टोला, वार्ड नं०–23, नरकटियागंज, पश्चिमी चंपारण**– से प्राप्त परिवाद को अमान्य किया जाता है। फलतः **मे० विश्वनाथ निर्माण प्रा० लि०, ग्राम–चंधरिया, पो०–कोशडीहीरा, थाना–पारसबिगहा, जहानाबाद** का तकनीकी निविदा मान्य होगी।

**5**. विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही को e-proc website पर निर्णय प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर डाला जाए।

(राजेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियंता
(मु0) अनुश्रवण
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

(निर्भय कुमार)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

(सुनील कुमार)
मुख्य अभियंता
लघु जल संसाधन विभाग,
मुजफ्फरपुर।

(सुनील कुमार)
अभियंता प्रमुख
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना।

(बी0 कार्तिकेय धनजी)
सचिव
लघु जल संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।